तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री

न्यूनतम 31.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 7 जून 2026

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

11 मुड़पार पंचायत में रोपे गए पौधे



12 भालुकोना में लगा सुशासन तिहार



## जिला पुलिस ने लिया 232 लोगों का फिंगरप्रिंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला पुलिस द्वारा अपराधियों और संदिग्ध तत्वों की निगरानी तथा कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के उद्देश्य से एक विशेष 'फिंगरप्रिंट अभियान' चलाया गया। इस व्यापक अभियान के तहत जिले के समस्त थाना और चौकी क्षेत्रों में सघन चेकिंग और पूछताछ की कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने जिले में संचालित विभिन्न औद्योगिक संयंत्रों, होटलों, ढाबों, और सड़क किनारे लगने वाली अन्य दुकानों व ठेलों पर काम करने वाले बाहरी व स्थानीय लोगों की सघन जांच की। इस दौरान पुलिस द्वारा कर्मचारियों और श्रमिकों से उनके- स्थाई निवास, वर्तमान कार्य की प्रकृति, पारिवारिक विवरण आदि के संबंध में विस्तृत पूछताछ कर उनका पूरा रिकॉर्ड तैयार किया गया। सुरक्षा को पुख्ता करने पूछताछ के साथ-साथ सभी का फिंगरप्रिंट भी लिया गया। पुलिस अधीक्षक के कड़े रुख और मार्गदर्शन के चलते आज चले इस संपूर्ण अभियान में कुल 232 व्यक्तियों के फिंगरप्रिंट लिए गए और उनके क्रेडेंशियल्स को पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज किया गया।

### कानून व सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने शुरू किया अभियान

- संदिग्धों पर पैनी नजर, होटल, ढाबा और संयंत्रों में काम करने वालों की हुई गहन जांच
- अभियान में विस्तृत पूछताछ कर डेटा संकलन किया गया



### पुलिस अधीक्षक ओ.पी. शर्मा का संदेश

जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बाहरी और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में काम करने वाले लोगों का सत्यापन सुरक्षा के लिहाज से बेहद जरूरी है। यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।



## खबर संक्षेप



### शहर में युवक कांग्रेस चुनाव की सुगबुगाहट

**सिमगा**। प्रदेश युवक कांग्रेस द्वारा आगामी दिनों में चुनाव का आह्वान किया गया है। इससे क्षेत्र के युवा चुनाव के लिए सक्रिय हो गये हैं। इस सन्दर्भ में स्थानीय विश्रामगृह सिमगा में युवक कांग्रेस की बैठक रखी गयी थी, जिसका नेतृत्व युवक कांग्रेस बलौदाबाजार के जिलाध्यक्ष प्रत्याशी हिरेन्द्र कोसले द्वारा किया गया। कोसले द्वारा बताया गया कि 29 से 12 जून तक युवक कांग्रेस का नामांकन होना है, जिस किसी साथी को सदस्यता में भाग लेना है, ऐसे युवा अधिक से अधिक संख्या में अपना नामांकन दर्ज कराएं। उक्त बैठक में कोसले ने युवाओं को जनहित में काम करने के लिए युवाओं से अपील की। बैठक में प्रमुख रूप से अजित भट्ट, हितेश साहू, विक्की मानिपुरी, जिनेन्द्र भारती, यस शर्मा, लक्की लहरे, आगेश जांगड़े, चेतन सेन, मनोज सोनवानी, कृष्णा शर्मा आदि उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना का लाभ लेने आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार** । छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिक के प्रथम 2 बच्चें हेतु मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी षिक्षा सहायता योजनांतर्गत कक्षा 10वीं से स्नातकोत्तर एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रम में 75 प्रतिशत एवं 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने पर राशि 5000 से 12500 तक वार्षिक प्रोत्साहन राशि एवं छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के बोर्ड परीक्षा में प्रावीण्य सूची के प्रथम 10 में आने पर राशि रू 1,00,000 प्रोत्साहन राशि तथा दो पहिया वाहन क्रय किए जाने हेतु राशि रू 1,00,000 का अनुदान विभाग द्वारा दिए जाने का प्रावधान है।ऐसे पंजीकृत श्रमिक जिनके बच्चे इस वित्तीय वर्ष में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रथम 10 में स्थान पाए है वे प्रत्येक जनपद पंचायतों में स्थित श्रम संसाधन केन्द्रों, विभाग के वेबसाईट, श्रमेव जयते ऐप या श्रम कार्यालय के कक्ष क्रमांक 117 कलेक्टर परिसर तथा च्वॉईस सेंटर के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### डीसीपी दफ्तर के करीब चाकू की नोक पर लूट

रायपुर। पुलिस कमिश्नरेट पश्चिम जोन कोटा स्थित डीसीपी कार्यालय के चंद कदम की दूरी पर अज्ञात बदमाशों ने चाकू की नोक पर युवक के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने युवक की जेब से जबरन डेढ़ हजार रुपए निकाल लिए। हालांकि युवक ने घटना की शिकायत थाने में नहीं की है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस स्वतः संज्ञान लेते हुए बदमाशों की पतासाजी करने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर रही है।

### तेलीबांधा तालाब में तेलीन दाई की मूर्ति स्थापित करने सौंपा ज्ञापन

**रायपुर**। शहर जिला साहू संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष दिलीप साहू के नेतृत्व में हमारी पहचान हमारी धरोहर तेलीबांधा तालाब में तेलीन दाई की मूर्ति निर्माण और स्थापना के लिए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव, नगर निगम की मीनल चौबे जी,मोतीलाल साहू और अमर गिदवानी को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर साहू समाज के प्रदेश पदाधिकारी, युवा प्रकोष्ठ व महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों सहित सैकड़ो की संख्या सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

### सुशासन तिहार : सामुदायिक भवन, महतारी सदन एवं गली कांक्रिटीकरण का किया लोकार्पण

# राजस्व मंत्री ने बिटकुली में 34 लाख के विभिन्न विकास कार्यों की दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने शनिवार को तहसील सुहेला अंतर्गत ग्राम बिटकुली में लगभग 34 लाख के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने 8 लाख की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण, 10 लाख की लागत से गली कॉंक्रिटीकरण एवं 16 लाख रुपए की लागत से बनने वाले महतारी सदन का विधि -विधान से पूजा -अर्चना कर भूमिपूजन किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि हमारी सरकार शहर से लेकर गांव तक लगातर विकास के कार्य कर रही है। सड़क, पुल सहित अनेक अधोसंरचना निर्माण को गति दें रही है। उन्होंने कहा कि हमने जो भी वायदा किया था उनमे से अधिकांश पूरा हो गया है। किसान, महिला, युवा,गरीब सभी के लिये योजना संचालित हो रही है जिसका लाभ लेकर लोग आर्थिक रूप से सशक्त बन रहे हैं। प्रदेश में चारों तरफ खुशहाली और समृद्धि का माहौल है। अभी सुशासन तिहार भी चल रहा है जिसमें शासन-प्रशासन गांव गांव पहुंच रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय खुद जिलों का दौरा कर लोगों की समस्या सुन रहे है। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष डॉ दौलतराम पाल, जिला पंचायत सदस्य डॉ मोहन वर्मा, जनपद सदस्य खेम लाल साहु सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।





### विभागीय योजनाओं का लाभ लेकर युवा बनें आर्थिक रूप से सशक्त

**बलौदाबाजार** । शासन तिहार अंतर्गत शनिवार को राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा विकासखंड सिमगा के ग्राम पंचायत जरौद में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने विभागीय स्टॉल का अवलोकन किया और विभिन्न योजनाओं के तहत लगभग 106 हितग्राहियों को सामग्री, चेक एवं प्रशस्ति पत्र वितरित किया। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने अधिकारियों से शिविर में प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली और उन्हें निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का गंभीरतापूर्वक त्वरित निराकरण करें। विभागीय हस्तक्षेप वाले आवेदनों को उच्च कार्यालय प्रेषित करें और इसकी जानकारी आवेदकों के भी दें।



राजस्व मंत्री ने कहा कि यह दूसरा साला है, जब सुशासन तिहार की बात हो रही है। सुशासन एक कल्याणकारी राज्य की संकल्पना है, जिसमें लोगों का समय पर काम हो जाए। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार में शासन और प्रशासन खुद गांव पहुंच रही है। पूरे विभाग के अधिकारी मौजूद है। ऐसे शिविर का भरपूर लाभ ले, योजनाओं का फायदा उठाकर आर्थिक रूप से सशक्त बने। हमारी सरकार ने चुनाव के समय जो चनाव में जो-जो वादा किया था, उन सबको पूरा किया है। मुख्यमंत्री ने पद की शपथ लेते ही घोषणा को पूरा करने का काम किया है। 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन का लाभ मिल रहा है,18 लाख पीएम आवास की स्वीकृति और वर्तमान में लगभग 26 लाख आवास बन रहे है। जरौद ग्राम में 210 आवास बन रहे है। महतारी वंदन योजना से महिलाओं के जीवन में परिवर्तन आया है। राशि का अच्छा उपयोग किया है। और जीवन में बदलाव आया है।कैबिनेट मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ बहुत तेजी से आगे अ बढ़ रह है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को पूरा करने ▶▶ शेष पेज 11 पर

## अस्पताल में घुसकर मारपीट व धमकी देने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने मनीषा हॉस्पिटल में घुसकर प्रार्थी और उसके बड़े पिताजी से मारपीट व धारदार हंसिया दिखाकर जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी करन उर्फ बिट्टू भारती को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक ओ.पी. शर्मा के निर्देशन में कोतवाली पुलिस ने फरार आरोपी को मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर दबोचा।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम भैंसापसरा निवासी प्रार्थी चमन विश्वास ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 30 मई की रात करीब 7.30 बजे वह मनीषा हॉस्पिटल में काम कर रहा था। इसी दौरान पहंदा रोड निवासी आरोपी करन उर्फ बिट्टू भारती 22 वर्ष वहां पहुंचा और शराब पीने के लिए पैसों की मांग करने लगा। प्रार्थी के बड़े पिताजी द्वारा मना करने पर आरोपी ने अश्लील गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्के से मारपीट शुरू कर दी। इसके कुछ देर बाद आरोपी हाथ में लोहे का धारदार हंसिया लेकर चमकाते हुए आया और दोनों को जान से मारने की धमकी दी।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 296, 115(2), 351(2), 119(1) का मामला दर्ज किया था। घटना के बाद से ही आरोपी फरार था, जिसे पुलिस टीम ने छिपने के ठिकाने पर दबिश देकर हिरासत में लिया। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है, जिसके बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## जमीन विवाद में खूनी संघर्ष, ममेरे भाइयों ने साथियों के साथ परिवार पर किया प्राणघातक हमला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

थाना क्षेत्र के ग्राम भालेसुर में घर से लगी जमीन के विवाद को लेकर एक ही परिवार के लोगों पर लाठी, डंडा और टंगिया से जानलेवा हमला करने का मामला आया है। हमले में प्रार्थी, उसके भाई और पिता को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने सभी 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

- कार में की भी तोड़फोड़

जानकारी के अनुसार ग्राम भालेसुर निवासी करण गेंडरे (पिता खिलावन गेंडरे) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 5 जून को जमीन विवाद के चलते उनके ममेरे भाई कमलेश, रमेश, डागेश्वर और उनके साथी राकेश व सूर्यप्रकाश ने शाम करीब 6 बजे गाली-गलौज की। इसके बाद शाम 7.15 बजे आरोपियों की मां ने भी विवाद किया। जब प्रार्थी ने विरोध करते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने की बात कही, तो आरोपियों ने धमकी दी।

विवाद यहीं नहीं रुका, रात करीब 12.30 बजे सभी आरोपी लाठी-डंडा और टंगिया लेकर प्रार्थी के घर पहुंचे और दरवाजा पीटने लगे। जैसे ही परिवार के लोग बाहर निकले, आरोपियों ने उन पर जानलेवा ▶▶ शेष पेज 11 पर

### 5 आरोपी गिरफ्तार, डंडे-टंगिया जब्त

पुलिस ने 2 आरोपियों को भालेसुर से और 3 आरोपियों को रायपुर में घेराबंदी में दबोचा। इसमें कमलेश पिता उग्रसेन 38 साल, डागेश्वर पिता उग्रसेन 29 साल, रमेश पिता उग्रसेन 31 साल निवासी भालेसुर, राकेश कुमार पिता पांचू राम यादव 25 साल निवासी भनपुरी खमतराई और सूर्य प्रकाश लहरे 24 साल निवासी रावाभाटा रायपुर शामिल हैं। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किए गए 4 डंडे और 1 टंगिया को जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(3), 109(1), 324(2), और 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था। मामले की गंभीरता और हथियारों के इस्तेमाल को देखते हुए विवेचना के दौरान इसमें धारा 191(1), 192(2), 191(3), और 190 **BNS** (दंगा और बलवा से संबंधित धाराएं) भी जोड़ी गईं। सभी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

## जुआ खेलते नौ जुआरी पकड़े गए

**सिमगा**। नगर के किल्ला पारा तालाब के पार में शाम को कुछ जुआरियों द्वारा पत्ती ताश से रूपये पैसे का हार जीत का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहे हैं कि सूचना पर उपनिरीक्षक की टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की। कुछ जुआरी पुलिस को आते देख भाग गये। मौके पर पुलिस ने 9 जुआरियों को पकड़ा। इसमें लक्ष्मण सोनकर 28 वर्ष, हिमांशु सोनकर 24 वर्ष, मनबोध साहू 32 वर्ष, अश्विनी सोनकर 23 वर्ष, देवानंद साहू 27 वर्ष, रेखलाल सोनकर 26 वर्ष, रोहित ध्रुव 23 वर्ष, सनत सोनकर 40 वर्ष, जेठूराम साहू 37 वर्ष के पास से कुल नगदी 2890 रूपये एवं 52 पत्ती ताश बरामद किया। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 3 (2) छत्तीसगढ़ जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।



## 50 साल पुराने मकानों को हटाने की शिकायत पर विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

बलौदाबाजार जिले के विकासखंड कसडोल के ग्राम पंचायत पुटपुरा में भूमि अतिक्रमण को लेकर एक अनोखा विवाद सामने आया है। गांव के कुछ लोगों द्वारा करीब 40 से 50 वर्षों से आबाद भूमि पर बने पक्के मकानों को हटाने की मांग करते हुए कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार को लगातार ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों का कहना है कि उक्त भूमि पर दशकों से सैकड़ों परिवार निवास कर रहे हैं और उनके पास ▶▶ शेष पेज 11 पर

- ग्रामीण बोले बने घर न तोड़े जाएं



### पंचायत ने तहसीलदार को सौंपा आवेदन

20 मई को आयोजित ग्राम पंचायत बैठक में ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा एक आवेदन तहसीलदार कसडोल को भेजा। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों की सहमति से विवादित भूमि पर वर्तमान स्थिति बनाए रखने का निर्णय लिया गया है तथा पूर्व में की गई शिकायतों को निरस्त करने का अनुरोध किया गया है। पंचायत के प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि भविष्य में पंचायत की अनुमति के बिना कोई नया मकान निर्माण नहीं किया जाएगा तथा भूमि संबंधी मामलों में पंचायत की सहमति को प्राथमिकता दी जाएगी।

### अनियमितता का अंदेशा, प्रशासन से उच्चस्तरीय जांच की मांग

# अमृत सरोवर निर्माण कार्य में गड़बड़ी की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

बलौदाबाजार जिला प्रशासन जिले में जहां एक ओर विश्व पर्यावरण दिवस पर विभिन्न अमृत सरोवर स्थलों पर पौधारोपण कार्यक्रम कर 'एक पेड़ माँ के नाम', 'जल है तो कल है', 'हरित गाँव-समृद्ध गांव' के साथ ही जल शपथ के माध्यम से जल संरक्षण के कार्यक्रमों में सक्रियता तो दिखा रही है, लेकिन इसके दूसरी ओर केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना अमृत सरोवर निर्माण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ते नज़र आ रही है। इस पूरे मामले पर जनपद पंचायत कसडोल अंतर्गत स्वीकृत अमृत सरोवर निर्माण में चल रहे अनियमितता व भ्रष्टाचार पर हरिभूमि ने प्रमुखता से संज्ञान में लिया। ▶▶ शेष पेज 11 पर

### ग्रामीणों ने कार्यों पर उठाये सवाल

गौरतलब है कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत सरोवर योजना का उद्देश्य जल संरक्षण, भू-जल स्तर में सुधार और ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्रोतों का विकास करना है। लेकिन क्षेत्र में कई स्थानों पर योजना के कार्यों की गुणवत्ता को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि, जहां अमृत सरोवर निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं, वहां भी कुछ ही महीनों में दरारें पड़ने लगी हैं, जिससे निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लग रहा है।



### अब तक एक भी जगह सही काम नहीं हुआ

यह पूरा मामला जनपद पंचायत कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायतों में चल रहे अमृत सरोवर निर्माण का है। जहां अभी तक एक भी जगह सही तरीके से निर्माण कार्य नहीं हो पाया है। इसी कड़ी में कसडोल जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत बगार का यह मामला सामने आया है, जहां के इंद्र देव तालाब में जल संरक्षण और भू-जल संवर्धन के उद्देश्य से डीएमएफ मद से 19.99 लाख की लागत से अमृत सरोवर निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया था, लेकिन योजना की पहली किस्त के रूप में लगभग 8 लाख सरपंच और सचिव द्वारा आहरित किए जाने के तीन माह बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है।

### निकाली जा चुकी है पहली किश्त

ग्रामीणों का आरोप है कि पहली किस्त की राशि निकाले जाने के बावजूद निर्माण स्थल पर अब तक एक रुपये का भी कार्य दिखाई नहीं दे रहा है। ऐसे में पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि राशि निकासी के बाद निर्माण कार्य शुरू होकर काफी हद तक पूर्ण हो जाना चाहिए था, लेकिन वर्तमान स्थिति में कार्य पूरी तरह ठप है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि योजना की राशि के दुरुपयोग अथवा गबन की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

# मेडिकल कालेजों में फैकल्टी की कमी दूर करने कवायद, आदर्श भर्ती नियम पर फंस रहा पेंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में फैकल्टी का संकट खत्म करने पूरी की जा रही भर्ती प्रक्रिया पर आदर्श भर्ती नियम का पेंच फंस रहा है। भविष्य पर चिंतित डाक्टर संविदा भर्ती में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। यह नियम वर्ष 2019 से लागू तो है, मगर मेडिकल कालेज स्तर पर इसे अमल में लाया नहीं जा सका है। नियम में संविदा डाक्टरों को एक निश्चित अवधि के बाद कालेज स्तर पर नियमित करने का अधिकार है। इसका पालन नहीं होने की वजह से डाक्टर नौकरी छोड़ देते हैं और संकट हमेशा बना रहता है। जानकारों के मुतबिक मध्यप्रदेश में वर्ष 2018 से यह आदर्श भर्ती नियम लागू है जिसमें संविदा डाक्टरों को प्रोबेशन पीरियड पूरा होने के बाद कालेज अथवा डीएमई स्तर पर नियमित कर दिया जाता है। इस नियम को वर्ष 2019 में छत्तीसगढ़ में अंगीकृत कर गजट नोटिफिकेशन किया गया था। राज्य शासन द्वारा समस्याओं को ध्यान में रखते हुए इसे लागू करने के निर्देश भी दिए गए थे मगर राज्य के कालेज स्तर पर इसे अमल में नहीं लाया जा सका।नतीजा कालेजों में भर्ती की कई कोशिशों के बाद भी फैकल्टी की कमी दूर होने का नाम नहीं ले रही है। यहां संविदा में काम करने वाले डाक्टरों सालों की सेवा के बाद भी नियमित नहीं हो रहे हैं इसकी वजह आमतौर पर डाक्टर एक निश्चित अवधि के बाद प्रायवेट अस्पताल अथवा दूसरे राज्यों का रुख करते हैं। हाल ही चिकित्सा शिक्षा विभाग राज्य में खोले जाने वाले पांच मेडिकल कालेजों में चिकित्सा शिक्षकों की संविदा भर्ती की कवायद कर रहा है।लगातार कोशिशों के बाद भी इसके लिए पर्याप्त संख्या में आवेदन नहीं आ रहे हैं जो इन कालेजों की मान्यता पर खतरा बन सकता है।

### भविष्य की चिंता इसलिए आ नहीं रहे डाक्टर

- वर्ष 2019 में राजपत्र में प्रकाशन पर मेडिकल कालेज स्तर पर अब तक अमल नहीं
- कालेज स्तर पर संविदा डाक्टरों को नियमित करने का अधिकार, खत्म हो सकता है संकट



### जेआर के 17, एसआर के लिए 1 आवेदन

कालेजों में भर्ती के लिए पहले दौर में मई में 175 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया पूरी की गई। इसमें प्राध्यापक, सह प्राध्यापक और सहायक प्राध्यापक के लिए एक भी योग्य उम्मीदवार नहीं मिले। सीनियर रेसीडेंट के 25 पदों के लिए एकमात्र और जूनियर रेसीडेंट के 25 पदों के लिए 17 लोगों की मेरिट लिस्ट जारी की गई है। जेआर और एसआर के पदों को छोड़कर शेष में भर्ती के लिए फिर से आवेदन मंगाने का काम शुरू किया गया है जिसमें भी बड़ी संख्या में लोगों सामने आने की संभावना काफी कम है।

### बैठक में भी आया मसला

गुरुवार को स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया के साथ डीन और सुपरस्पेशलिटी हास्पिटलों के कामकाज की समीक्षा बैठक के दौरान फैकल्टी की कमी का मसला भी सामने आया था। इस दौरान आदर्श भर्ती नियम को जमीनी स्तर पर लागू करने पर भी जोर दिया गया था। चिकित्सा शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि इस नियम को लागू करने के बाद मेडिकल कालेजों में नौकरी छोड़ने और नई भर्ती की रुकावट की समस्या आसानी से दूर हो जाएगी।

## खबर संक्षेप



### सुशासन तिहार शिविर में नागरिकों को जाने से रोकने पर कांग्रेस का प्रदर्शन

**रायपुर**। जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा देवपुरी में आयोजित सुशासन त्योहार कार्यक्रम में हितग्राहियों को ना जाने देने के खिलाफ शहर जिला कांग्रेस द्वारा जमकर प्रदर्शन किया गया। शहर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, नगर निगम द्वारा आम नागरिकों को शहर के वार्डों में सड़क, पानी, बिजली सफाई जैसी सुविधाएं देने में असमर्थ है। शहर में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है, उसके बाद भी यूजर चार्ज बढ़ाने का काम किया जा रहा है। श्री मेनन ने आरोप लगाया, आम लोग विधिवत आवेदन बना कर शिविर में जा रहे थे उन्हें भी रोक दिया गया। पूर्व कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष पंकज शर्मा ने रायपुर ग्रामीण के सभी वार्डों में बदहाल हालत के लिए विधायक एवं पार्षदों की निष्क्रियता को जिम्मेवार बताया। पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने भाजपा नेताओं पर संवेदनहीन होने और लोगों की जरूरतों को अनदेखी करने का आरोप लगाया है।

### उपचुनाव में जीत पर निगम नेता प्रतिपक्ष ने दी बधाई



**रायपुर**। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश के नगरीय निकायों और नगर पंचायतों में हुए उपचुनावों में कांग्रेस के प्रत्याशियों की विजय की रायपुर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने बधाई दी। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस संगठन महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, प्रभजोत सिंह लाडी मौजूद रहे।

### जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न योजना के तहत हितग्राहियों को बांटे सामग्री व चेक

# नारायणपुर शिविर में 1155 आवेदनों में 210 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

सुशासन तिहार अंतर्गत शनिवार को विकासखंड कसडोल के ग्राम पंचायत टेमरी के आश्रित ग्राम नारायणपुर में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में टेमरी सहित 15 ग्राम पंचायत के लोग शामिल हुए। शिविर में प्राप्त 1155 आवेदनों में से 210 का मौक़े पर ही निराकरण किया गया।

उक्त कार्यक्रम में अतिथि के रूप में कुसुमलता पैकरा अध्यक्ष जनपद पंचायत कसडोल, डॉ सुदीप मानिकपुरी मंडल अध्यक्ष भाजपा व उपाध्यक्ष नपं कसडोल, सुश्री गायत्री बरिहा सदस्य जिला पंचायत, सीता सुरेंद्र निषाद जनपद सदस्य, लक्ष्मी सुनील पैकरा सरपंच ग्राम पंचायत टेमरी प्रमुखरूप से उपस्थित रहे। शिविर में विभिन्न योजना अंतर्गत हितग्राहियों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों के



माध्यम से सामग्री व चेक वितरित किया। इसमें खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड, राजस्व विभाग द्वारा डिजिटल किसान किताब, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा जॉब कार्ड, पीएम आवास योजना अंतर्गत आवास क़ी चाबी, मछली पालन विभाग द्वारा महाजाल व आइस बॉक्स, उद्यानिक़ी विभाग द्वारा हितग्राहियों को फलदार पौधे,खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा बच्चों को स्पोर्ट्स किट शामिल हैं। शिविर में विभागीय स्टॉल के साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा हेल्थ कैम्प लगाया गया जिसमें ग्रामीणों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व दवा का लाभ उठाया।

उक्त शिविर में रामचंद ध्रुव जिलाध्यक्ष भाजपा अनु जनजाति मोर्चा, शिला वर्मा उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, पुनेश्वर नाथ मिश्रा पार्षद, गणेश साहू अध्यक्ष पीएमश्री सेजेस विद्यालय, भगवती साहू पार्षद, रामरतन दुबे अनुविभागीय अधिकारी, विवेक पटेल तहसीलदार, कमलेश कुमार साहू सीईओ जनपद पंचायत, नर्मदा यादव मंत्री, अनिल श्रीवास महामंत्री, निर्मला साहू अध्यक्ष महिला मोर्चा, दिलहरण जायसवाल, समारू कैवर्त, अभिजीत श्रीवास युवा मोर्चा जिला खेल एवं कला प्रमुख सहित समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारीगण, सरपंच, ग्रामवासी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# लाईवलीहुड कॉलेज में रोजगार मेला 10 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा लगातार रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला रोजगार कार्यालय द्वारा लाईवलीहुड कॉलेज सकरी, बलौदाबाजार में 10 जून बुधवार को प्रातः 11 से अपरान्ह 3 बजे तक रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा।

रोजगार मेला में विभिन्न निजी क्षेत्र में मैनेजर, ऑपरेटर ड्राइवर सहित लगभग 133 पदों के लिये साक्षात्कार होग़ा।नियोजक अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट कुकुरदी बलौदाबाजार द्वारा सेफ्टी स्टेवर्ड के 4 पद, बॉयलर ऑपरेटर के 4 पद, इंस्ट्रूमेंट के 7 पद, इलेक्ट्रिशियन के 5 पद, फिटर के 5 पद, योग्यता आईटीआई, डिप्लोमा सेफ्टी, उम्र 24 से 26 वर्ष एवं वेतन योग्यता तथा पदानुसार, अनुभव 3 से 5 वर्ष, कार्यक्षेत्र अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट कुकुरदी, बलौदाबाजार होगा।

न्यू विस्टा लिमिटेड रिसदा द्वारा इंजीनियर के 1 पद, योग्यता बीटेक-केमिकल उम्र 30 से 35 वर्ष, वेतन योग्यतानुसार 25000-30000 तक, अनुभव 6 से 7 वर्ष, कार्यक्षेत्र न्यू विस्टा लिमिटेड रिसदा बलौदाबाजार होगा। एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस बलौदाबाजार द्वारा युनिट मैनेजर के 3 पद, लाईफ मित्र के 30 पद, योग्यता 10वीं से स्नातक , उम्र 18 से 40, अनुभव 0 से 1 वर्ष, वेतन पदानुसार कमीशन एवं 25000 से 30000, कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा।

एनआईआईटी लिमिटेड बिलासपुर द्वारा असिस्टेंट मैनेजर के 30 पद, योग्यता स्नातक, डिप्लोमा, आईटीआई, पीएचडी, नेट एवं उच्च, उम्र 18 से 40 वर्ष, अनुभव 01 से 05 वर्ष, वेतन 8000 से 17000 पदानुसार, कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार, महासमुंद, गरियाबंद, जांजगीर चांपा होगा। शांता टेक्नो प्रा.लि. रायपुर द्वारा मशीन ऑपरेटर के 5 पद, फिटर के 5 पद,वेल्डर के 5, मैकेनिकल इंजीनियर के 5 पद, हेल्पर के 5 पद, हाइड्रो ड्राइवर के 5 पद, योग्यता 8वीं से आईटीआई, बीई, डिप्लोमा एवं ड्राइविंग लाइसेंस, उम्र 18 से 50 वर्ष, अनुभव 0-03 वर्ष, वेतन 10000 से 15000 तक पदानुसार, कार्यक्षेत्र उरला रायपुर होगा।

ईएलएक्सर कम्युनिकेशंस प्रा.लि. रायपुर द्वारा वायरमेन के 10 पद, सोलर सिस्टम इंस्टॉलेशन के 05 पद, जुनियर ड्राफ्टमेन के 01 पद, योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई, उम्र 18 से 35 वर्ष, वेतन 8000 से 14000 हजार पदानुसार, कार्यक्षेत्र रायपुर होगा।

## बैज बोले- प्रदेश में खाद का संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, प्रदेश में उर्वरक का संकट विकराल रूप ले चुका है। प्रदेश में उर्वरक के लिये मारा मारी शुरू हो गई है। किसानों को सोसाइटी में खाद नहीं मिल रही है। किसान बराबर सरकार के मंत्रियों, विधायकों, सांसदों से उर्वरक के बारे में गुहार लगा रहे, लेकिन सरकार केवल जुबानी आश्वासन दे रही है। आज भी सभी सोसाइटियों में पूरी खाद नहीं पहुंच पायी है।

श्री बैज ने कहा, इस खरीफ सीजन में 15 लाख 55 हजार मीट्रिक टन खाद की आवश्यकता अनुमानित है, पर इस सरकार 30 प्रतिशत स्टाक नहीं जुटा पाई है। मानसून आने वाला है, खरीफ में धान की फसल ही राज्य के किसानों की आजीविका का मुख्य आधार है। यदि खरीफ के सीजन में सरकार किसानों को पर्याप्त उर्वरक नहीं दे पाएगी तो किसानों के सामने सालभर के लिए आजीविका का संकट पैदा हो जाएगा।

सरकार खाद की व्यवस्था करने के बजाए खाद संकट पर कैसे कुतर्क किया जाए, इसकी ट्रेनिंग भाजपा प्रवक्ताओं को दे रही श्री बैज ने कहा, नीट के पेपर लीक मामले में विरोध प्रदर्शन कर रहे एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर किया गया लाठीचार्ज क्रूरता है। भाजपा सरकार अपनी अक्षमता को छिपाने के लिए बर्बरता पर उतर आई है।

## निगम के जोन-10 दफ्तर परिसर में आरआरआर सेंटर का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्षेत्र स्थित जोन 10 दफ्तर परिसर में आरआरआर सेंटर नए स्वरूप में शुरू हुआ। महापौर मीनल चौबे ने फीता काटकर इसका लोकार्पण किया।

इस अवसर पर महापौर ने कहा कि आरआरआर सेंटर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की एक महत्वपूर्ण अवधारणा है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि अपने घर में उपयोग में ना आने वाली वस्तुओं को आरआरआर सेंटर में दान करके पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बनें।

### अनुपयोगी चीजें संग्रहण करने घर-घर जाएगा वाहन

इस नए स्वरूप वाले आरआरआर सेंटर में नगर निगम रायपुर ने एक ई-बैटरी वाहन उपलब्ध कराया है, जो जोन क्षेत्र के सभी 7 वार्डों में जाकर वहां से रहवासी नागरिकों के घरों से अनुपयोगी वस्तुएं संग्रह करके लाने का कार्य करेगा, जिन्हें समाज के जरूरतमंद लोगों को स्वच्छ भारत मिशन योजना स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025-26 अंतर्गत उपलब्ध कराया जाएगा।

## तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के नए जिलाध्यक्ष बने भूपेंद्र, कार्यकारिणी का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुड़ा

छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ की बैठक बगबुड़ा में हुई, जिसमें सर्वसम्मति से नए जिला पदाधिकारियों का चुनाव और कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष कामेश धनकर द्वारा स्वास्थ्यगत व व्यक्तिगत कारणों से पद से मुक्त होने के प्रस्ताव के बाद, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी भूपेंद्र कुमार टंडन को संघ का नया जिलाध्यक्ष चुना गया है।

बैठक में पूर्व अध्यक्ष कामेश धनकर ने संघ को पूरा समय न दे पाने की असमर्थता जताते हुए नया जिलाध्यक्ष चुनने का प्रस्ताव रखा। इस दौरान छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव आयुष सिंह सहित जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्ष— बलौदाबाजार से सोमेश्वर लहरे, पलारी से अश्वनी कुमार साहू, कसडोल से लिलेश पटेल, भाटापारा से वीरेंद्र साहू और सिमगा से राकेश पांडे सहित संघ के सदस्य गरिमामय रूप से उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों की मौजूदगी में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर भूपेंद्र कुमार टंडन के नाम पर मुहर लगाई गई।

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार टंडन ने कमान संभालते ही संघ की मजबूती के लिए जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया है, जिसमें जिलाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार टंडन, जिला उपाध्यक्ष आरती साहू एवं बलराम राठौर,जिला सचिव अश्वनी कुमार साहू,जिला कोषाध्यक्ष सोमेश्वर लहरे शामिल हैं।



## मार्कफेड के संचालक मंडल की बैठक, लिए कई निर्णय

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित (मार्कफेड) के संचालक मंडल की बैठक शुक्रवार को मार्कफेड मुख्यालय, नवा रायपुर में हुई। बैठक में प्राधिकारी अधिकारी शशिकांत द्विवेदी, प्रबंध संचालक जितेंद्र कुमार शुक्ला और अपर आयुक्त सहकारिता सावित्री भगत उपस्थित रहीं। बैठक में आगामी खरीफ विपणन वर्ष की तैयारियों, धान उपार्जन, भंडारण एवं भुगतान व्यवस्था की समीक्षा की गई। इसके



अतिरिक्त कर्मचारियों से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कर्मचारियों के कल्याण एवं सेवा शर्तों से जुड़े प्रस्तावों पर संचालक मंडल द्वारा सकारात्मक निर्णय लिए गए। प्रबंध संचालक श्री शुक्ला ने बताया कि किसानों के साथ-साथ संस्था के कर्मचारियों का हित भी मार्कफेड की प्राथमिकता है। बैठक में लिए गए निर्णयों का क्रियान्वयन शीघ्र सुनिश्चित किया जाएगा।

### दुर्ग जिले का रहने वाला, अब तक 4 होम आइसोलेशन

# ईबोला वायरस पर अलर्ट, सूडान से आया एक और यात्री डाक्टरों की निगरानी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चमगादड़ों और जंगली जानवरों से शुरू होने वाले ईबोला वायरस की रोकथाम लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट है। इसके लिए एयरपोर्ट पर विदेशों से आने वाले यात्रियों की स्क्रीनिंग की जा रही है और प्रभावित देशों से आने वालों को जांच के दायरे में लाया जा रहा है। दुर्ग जिले में सूडान से आए एक यात्री को एहितयातन होम आइसोलेशन में रखा गया है। इसके पहले ही वहां तीन अन्य यात्री 21 दिन की निगरानी में दिन बिता रहे हैं।

ईबोला वायरस की पुष्टि अभी छत्तीसगढ़ में नहीं हुई है, मगर विदेशों से आने वाले यात्रियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। इसके लिए एयरपोर्ट पर स्क्रीनिंग काउंटर बनाए गए हैं। जिला सीएमएचओ को विदेश यात्रियों की पूरी खबर रखने निर्देशित किया गया है। इस प्रक्रिया में दुर्ग जिले में एक नये ट्रैवलर की ट्रेसिंग की गयी जो



सूडान से आया है। संबंधित यात्री में कोई लक्षण, संपर्क का कोई इतिहास नहीं होने के कारण होम आइसोलेशन में रखा गया है। दुर्ग जिले में इसके पूर्व 1 कांगो से 1 इथोपिया से एवं 1 युगांडा से आए यात्री को भी होम आइसोलेशन में रखा गया है। दुर्ग सीएमएचओ ने बताया कि चारों अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों को होम आइसोलेशन में 21 दिन के लिए रखा गया हैं। उनका प्रति दिवस सुबह एवं शाम टेलीफोन के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधित जानकारी ली जा रही है। वर्तमान में चारों यात्री स्पर्शोन्मुख एवं पूर्णतः स्वस्थ हैं। किसी प्रकार की तकलीफ होने से ट्रेसिंग टीम / स्वास्थ्य विभाग / कंट्रोल रूम एवं कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग को जानकारी देने कहा गया है।

### क्या है ईबोला

चिकित्सकों के मुताबिक ईबोला बुखार, उल्टी, पेट दर्द, जोड़ों में दर्द, अत्यधिक थकान, सिर दर्द अधिक वाटरी डायरिया के लक्षण पाये जाते हैं। यह संक्रमित व्यक्ति के सीधे संपर्क से एवं बॉडी फ्लूइड से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता हैं। इसकी जॉच के लिए मुख्य रूप से आरटीपीसीआर जॉच किया जाता हैं। यह वायरस विशेषकर अफ्रीकी देशों में पाया गया है।

# महिला डाक्टर पर प्रशासनिक कार्रवाई से रोष मेडिकल कालेजों में काली पट्टी लगाकर विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजनांदगांव के सोमनी स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ महिला चिकित्सक के खिलाफ हुई प्रशासनिक कार्रवाई के विरोध में चिकित्सा जगत खड़ा हो गया है। शुक्रवार को रायपुर समेत तमाम चिकित्सा महाविद्यालयों के जूनियर डाक्टरों ने काली पट्टी लगाकर अपना विरोध जताया। आंबेडकर अस्पताल में जूनियर के साथ कई सीनियर डाक्टरों ने ओपीडी के दौरान ब्लैक रिबन बांधकर अपना समर्थन दिया।

महिला चिकित्सक के समर्थन में रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर, जगदलपुर, रायगढ़ सहित चिकित्सा महाविद्यालयों के अलावा जिला चिकित्सालयों एवं स्वास्थ्य संस्थानों में कार्यरत इंटर्न, जूनियर, सीनियर रेजिडेंट एवं अन्य चिकित्सकों द्वारा ब्लैक रिबन प्रोटेस्ट प्रारंभ किया है। जूनियर डाक्टर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डा. रेशम सिंह, सीजीडीएफ के अध्यक्ष डा. हीरा सिंह एवं रायपुर मेडिकल कालेज के अध्यक्ष डा. पीयूष श्रीवास्तव ने कहा कि यह विरोध किसी व्यक्ति, संस्था अथवा प्रशासनिक अधिकारी नहीं, बल्कि चिकित्सकों की गरिमा, पेशेवर स्वायत्तता, सुरक्षा एवं न्याय सुनिश्चित करने की मांग के समर्थन में है। चिकित्सकों के खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्रवाई तथ्यों विशेषज्ञ चिकित्सकीय राय एवं निष्पक्ष जांच के आधार पर ही की जानी चाहिए। यदि चिकित्सकों को हर जटिल अथवा प्रतिकूल परिणाम की स्थिति में दंडात्मक कार्रवाई का भय रहेगा, तो इसका प्रतिकूल प्रभाव स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं मरीजों के हितों पर भी पड़ सकता है। जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन, छत्तीसगढ़ शासन एवं संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से मांग करता है कि उक्त मामले की निष्पक्ष समीक्षा की जाए तथा संबंधित महिला चिकित्सक के साथ न्याय सुनिश्चित किया जाए।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस में 5 मुख्य प्रवक्ता की नियुक्ति

**रायपुर।** कांग्रेस संचार विभाग में 5 मुख्य प्रवक्ता तथा 3 वरिष्ठ प्रवक्ताओं की नियुक्ति की गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की सहमति से प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला की अनुशंसा पर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू ने यह आदेश जारी किया है। इसके अनुसार, आरपी सिंह, अमित श्रीवास्तव, धनंजय सिंह, सुरेंद्र वर्मा और वंदना राजपूत को मुख्य प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। वहीं नितिन भंसाली, सत्यप्रकाश और अभयनारायण राय को वरिष्ठ प्रवक्ता पार्टी ने घोषित किया है।

### 10वीं-12वीं के लिए आवेदन 10 तक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10वीं-12वीं द्वितीय परीक्षा की आवेदन तिथि में वृद्धि कर दी गई है। पूर्व में आवेदन पत्र की तिथि समान्य शुल्क के साथ 4 से 30 मई तक निर्धारित की गई थी। माशिम के अनुसार, विभिन्न संस्थाओं एवं परीक्षार्थियों द्वारा तिथि में वृद्धि संबंधी आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, जिसे ध्यान में रखते हुए परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ा दी गई है। विशेष विलंब शुल्क 1540 रुपए के साथ अब विद्यार्थी 10 जून तक आवेदन कर सकते हैं।

### जोन-10 में लगा जनसमस्या निवारण शिविर

**रायपुर।** सुशासन तिहार के अंतर्गत शुक्रवार को जोन-10 अंतर्गत देवपुरी गुरुद्वारा परिसर हाल में जनसमस्या निवारण शिविर लगाया गया। शिविर में रानी दुर्गावती वार्ड क्रमांक 49, पंडित विद्याचरण शुक्ल वार्ड 50, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड 52, बाबू जगजीवन राम वार्ड 53, कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड 54, रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड 55 एवं लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित वार्ड 56 के नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं। इस दौरान कई लोगों की समस्याओं का मौके पर निराकरण किया गया। शिविर में ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, महापौर मीनल चौबे, रायपुर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष नंदकुमार साहू भी विशेष रूप से मौजूद रहे। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के 12 पात्र हितग्राहियों मकान स्वीकृति का प्रमाण पत्र दिया गया। इसके अलावा नए राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं ई-श्रम कार्ड वितरित किए गए। इस दौरान निगम आयुक्त संबित मिश्रा, एडीएम उमाशंकर बंदे, अपर आयुक्त विनोद पांडेय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### स्तनधारी जीवों पर आधारित किताब का विमोचन

**रायपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वनमंत्री केदार कश्यप द्वारा छत्तीसगढ़ के स्तनपायी (मैमॉल्स ऑफ छत्तीसगढ़) पर आधारित फील्ड गाइड का विमोचन किया, जिसे राज्य वन विभाग के सेवानिवृत्त पीसीसीएफ कैलाश चंद्र बेबर्ता और नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी ने मिलकर इस किताब को बनाया। राज्य के 44 प्रतिशत वन क्षेत्र वाले छत्तीसगढ़ को देश के जैवविविधता समृद्ध राज्यों में गिना जाता है। यहां के घने साल वन, बांस वन, मिश्रित वन, घास के मैदान, झाड़ीदार क्षेत्र, चट्टानी भू-भाग, नदियां, नाले तथा आर्द्रभूमियां अनेक प्रकार के वन्यजीवों को आश्रय प्रदान करती हैं।

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार निकेश साव पिता पूरनलाल साहू के द्वारा अधिकृत एवं निर्देशित होकर सर्वसाधारण के सूचनार्थ यह आम सूचना प्रकाशित करता हूँ कि मेरे पक्षकार के आधिपत्य का दस्तावेज विक्रय पत्र दिनांक 24-03-2012 जो कि विक्रेता अनूप कुमार वगैरह के द्वारा क्रेता रीमा शर्मा पिता गजाधर शर्मा निवासी भाटापारा के पक्ष में निष्पादित किया गया था उक्त विक्रय पत्र की मूल प्रति क्रेता रीमा शर्मा पिता गजाधर शर्मा के द्वारा मेरे पक्षकार निकेश साव को प्रदान किया गया था जो कि उक्त मूल विक्रय पत्र कही गुम हो गया है तथा आज दिनांक तक मेरे पक्षकार को प्राप्त नही हुआ है। इस कारण इस आम सूचना पत्र का प्रकाशन यह दर्शित करने के लिए कि मूल विक्रय पत्र दिनांक 24-03-2012 गुम हो गया है तथा किसी भी बैंक या वित्त प्रदान करने वाली संस्था के पास बंधक नही रखा गया है, दर्शित करने हेतु यह आम सूचना का प्रकाशन सर्वसाधारण के सूचनार्थ किया जा रहा है।

सो सूचना जानें।

दिनांक

**मनीष यादव**
**अधिवक्ता / नोटरी**
**लखन कालोनी सुभाष वार्ड भाटापारा**
**जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**मो. नं. 98261-95586, 70008-38966**

---

**सरोकार : रावन सीमेंट वर्क्स में पर्यावरण संरक्षण का संकल्प, लगाए विभिन्न प्रजाति के पौधे**

# विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण, जागरूकता का दिया संदेश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार**




विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में रावन सीमेंट वर्क्स में ईस्ट क्लस्टर के सीओओ आशीष पनपलिया, इकाई प्रमुख, वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए।

पूरे प्लांट परिसर में विभिन्न स्थानों पर टूल बॉक्स टॉक एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनके माध्यम से कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों तथा प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग के प्रति जागरूक किया गया।

सीओओ के मार्गदर्शन में सभी कर्मचारियों को एक-एक पौधा वितरित किया गया। सभी कर्मचारियों ने अपने-अपने घरों में पौधारोपण कर उनकी देखभाल एवं उन्हें वृक्ष के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया।

सीएसआर एवं पर्यावरण विभाग की टीम द्वारा आसपास के गांवों में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए, जिनमें ग्रामीणों को पौधारोपण, जल संरक्षण, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त ट्रक यार्ड में वाहन चालकों के बीच भी पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाया गया तथा पौधारोपण किया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह के अंतर्गत कॉलोनी के बच्चों के लिए ड्राइंग एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण, हरित जीवनशैली एवं स्वच्छ पृथ्वी जैसे विषयों पर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही कंपनी के कर्मचारियों के लिए क्विज़, स्लोगन लेखन, पोस्टर निर्माण तथा अन्य विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

### विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए

**हिरमी-रावन।** अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, हिरमी सीमेंट संयंत्र के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं एवं ग्रामीण महिलाओं के लिए पर्यावरण जागरूकता सत्र आयोजित किया गया, जिसमें जल संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण, जैव विविधता संरक्षण तथा वृक्षारोपण के महत्व पर जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विषयों पर आकर्षक पोस्टर बनाकर अपने विचार प्रस्तुत किए। पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागियों ने स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण का संदेश दिया। इसके साथ ही वृक्षारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। प्रतिभागियों ने पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लेते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमुदाय को प्लास्टिक उपयोग में कमी, जल संरक्षण, स्वच्छता बनाए रखने तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी ली। सीएसआर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का अभियान नहीं बल्कि सतत प्रयास है, जिसमें समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता आवश्यक है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं, महिलाओं एवं स्थानीय समुदाय के लोगों ने भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। यह आयोजन पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से हरित एवं सतत भविष्य के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।



### पर्यावरण दिवस पर करही बाजार में पौधारोपण

**भाटापारा।** ग्राम करही बाजार में पर्यावरण दिवस पर मनरेगा में श्रमिकों के साथ मिलकर सरपंच कमला अरूण निषाद, पंच चित्रलेखा देवांगन, गिरधारी पटेल, चेंबर ऑफ कॉमर्स इकाई करहीबजार सचिव मोतीराम नागराज देवांगन, इंजीनियर साहब, रोजगार सहायक शोभना ध्रुव एवं सभी श्रमिकों के साथ गुलमोहर, पीपल के पौधे का रोपण किया।



## मुड़पार पंचायत में रोपे गए पौधे



**खरोरा।** विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर जनपद पंचायत तिल्दा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मुड़पार में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई। ग्राम पंचायत के अमृत सरोवर परिसर में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर धरती को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत मुड़पार की सरपंच यामिनी टिकेश्वर यादव थीं। उन्होंने इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। आज के समय में बढ़ते प्रदूषण को रोकने और आने वाली पीढ़ी को शुद्ध हवा व पानी देने के लिए पेड़ लगाना और उन्हें बचाना बेहद जरूरी है। अमृत सरोवर परिसर को सुंदर और हरा-भरा बनाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में उपस्थित पंच मोना वर्मा, लोचन वर्मा और दुर्गा देवांगन ने भी पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान गांव की जागरूक महिलाओं में पल्लवी मानिकपुरी, शशि मानिकपुरी, छलिया यादव, शारदा धीवर, पूजा वर्मा, अनीता सेन, सेवती धीवर, सरस्वती धीवर, लता वर्मा, लता देवांगन, राजेश्वरी वर्मा, राधिका यदु, पूजा वर्मा, दुलारी वर्मा, लक्ष्मी धीवर और वर्षा धीवर, दीक्षा धीवर कालिन्दी धीवर, अमरीका धीवर, रूखमणि धीवर, ने भी विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में अपने विचार साझा किए।

## ओटगन में पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण



**सिमगा।** विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम पंचायत ओटगन में विकसित भारत ग्राम (वीबीजीराम) अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। उक्त कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, हरित वातावरण एवं स्वच्छ ग्राम निर्माण का संदेश दिया गया तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण का संकल्प भी लिया गया।



### धमनी में विश्व पर्यावरण दिवस मना

**पलारी।** विकासखण्ड पलारी के चित्रोत्पला महानदी के किनारे स्थित ग्राम धमनी के महामाई मंदिर परिसर मे शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस के कार्यक्रम को नीम बीज एकत्र करण, पौधा लगाने के लिए अनुरोध करते वन प्रबंधन समिति धमनी अध्यक्ष रामनारायण यादव द्वारा आव्हान किया गया। इस अवसर पर सरपंच हरदयाल पैकरा, उपसरपंच मिनेंद्र कुमार यादव ग्रामपंचायत धमनी, जनपद सदस्य चंद्र कुमार पैकरा के अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में संतोषी कंवर, चंद्रप्रभा यदु,खुशी यदु, वेदिका साहू, डालिसा, हिरेंद्र यदु, निरसिंग यदु, अलेख साहु पंच, बैगा कुंवर सिंह साहू, वृजभुषण दीवान, दुलार पैकरा, मयंक यादव सभी ने एक पौधा लगाने का संकल्प लिया।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर सारंगढ़ में पौधारोपण



**बिलाईगढ़।** पर्यावरण को बचाने और पौधारोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पीएम श्री स्कूल सारंगढ़ के परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय, पूर्व विधायक केराबाई मनहर सहित अधिकारियों एवं उपस्थित नागरिकों ने एक पेड़ मां के नाम थीम पर पौधारोपण किया। इस कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर उमेश साहू, एसडीएम वर्षा बंसल शिक्षा शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी जोईंधाराम डहरिया, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सोमा ठाकुर सहित जिला पुलिस प्रशासन के अधिकारी, प्राचार्य एल पी पटेल, एनसीसी, एनएसएस और स्कूली बच्चे शामिल हुए।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर नपं अध्यक्ष नागेश्वर ने किया पौधारोपण

**कसडोल।** विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर पंचायत कसडोल द्वारा कर्मा माता चौक में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने चौक के किनारों पर विभिन्न प्रजातियों के फलदार व छायादार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, नगर पंचायत के अधिकारियों-कर्मचारियों एवं नागरिकों ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।



नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच वृक्षारोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वृक्ष न केवल पर्यावरण को शुद्ध करते हैं, बल्कि मानव जीवन, वन्यजीवों और आने वाली पीढ़ियों के लिए भी अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए तथा उसकी नियमित देखभाल कर उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित रखे।

श्री साहू ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर एवं हरित बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सार्वजनिक स्थलों, चौक-चौराहों एवं रिक्त भूमि पर नियमित रूप से पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस का कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सतत जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में सभापति रामा धीवर, अजय साहू, वार्ड पार्षद पुनेश्वर नाथ मिश्रा, नीरज साहू, भगवती साहू एवं मंजू बंजारे, नगर साहू संघ अध्यक्ष गुनीराम साहू, साहू समाज के पदाधिकारी गोपाल साहू, नगर पंचायत कर्मचारी योगेश निषाद, रथराम साहू, टिकेश्वर वर्मा, प्रमिला साहू सहित नगर पंचायत के समस्त अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षों के संवर्धन का संकल्प लिया।

---

## पेज 9 के शेष

### विभागीय योजनाओं का ...

के लिये हम सबका योगदान जरुरी है।

शिविर में 12 ग्राम पंचायतों में मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत 106 लाख के कार्य का चेक,सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले कक्षा 10 एवं 12 वीं के छात्रों को सम्मान पत्र, स्वास्थ्य विभाग द्वारा श्रवण यंत्र, श्रम कार्ड, जॉब कार्ड, पीएम आवास की चाबी नैनो यूरिया, राशन कार्ड फलदार पौधे सहित अन्य सामग्री 106 हितग्राहियों को वितरित किया गया।इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष डॉ.दौलत राम पाल, जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव, डॉ मोहन वर्मा, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, जनपद उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### जमीन विवाद में ...

हमला कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने घर के बाहर खड़ी कार को भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। इस खूनी संघर्ष में प्रार्थी करण गेंडरे के सिर, कंधे और बाईं आंख पर गंभीर चोट आई है। वहीं उसके भाई की पीठ व भुजा और पिता खिलावन गेंडरे के गले व सिर पर प्राणघातक वार किए गए हैं। सभी घायलों को तत्काल इलाज के लिए खरोरा के एम.आर.एम. अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### 50 साल पुराने...

रहने के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है।

ग्रामीणों के अनुसार गांव के श्रीराम भाठा क्षेत्र में लगभग 155 परिवार पिछले कई दशकों से निवास कर रहे हैं। इन परिवारों ने अपने मकान बनाकर वहीं जीवनयापन शुरू किया है। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत करने वाले कुछ लोग स्वयं भी महानदी तट की भूमि पर वर्षों से काबिज होकर खेती कर रहे हैं, लेकिन वे अन्य परिवारों के मकान हटाने की मांग कर रहे हैं।

ग्राम पंचायत पुटपुरा के सरपंच ललित पैकरा ने बताया कि इस विषय को लेकर पंचायत में 10 से अधिक बार बैठक आयोजित की जा चुकी है। पंचायत एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया है कि वर्तमान में जो मकान बने हुए हैं, उन्हें नहीं तोड़ा जाएगा। साथ ही भविष्य में कोई भी व्यक्ति पंचायत की अनुमति के बिना नया निर्माण व शासकीय भूमि पर कब्जा नहीं करेगा। सरपंच ने कहा कि पंचायत का उद्देश्य गांव में शांति और सामाजिक सौहार्द बनाए रखना है तथा वर्षों से बसे परिवारों को बेघर होने से बचाना है।

गांव के ही बुजुर्ग छेदराम ने बताया कि वह कई वर्षों से उक्त भूमि पर निवास कर रहे हैं और उनके पास रहने के लिए अन्य कोई स्थान नहीं है। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की है कि पहले से बने मकानों को नहीं तोड़ा जाए। वहीं ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच कमलेश साहू ने कहा कि श्रीराम भाठा क्षेत्र में लगभग 40 से 50 वर्षों से 155 परिवार निवास कर रहे हैं। उन्होंने शासन से मांग की कि जहां मकान बन चुके हैं, उन क्षेत्रों को सुरक्षित आबादी घोषित कर पात्र परिवारों को पट्टा प्रदान किया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग बार-बार शिकायत कर गांव का माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं।

**सोमवार को जांच का आश्वासन:** मामले को लेकर तहसीलदार विवेक पटेल ने बताया कि सुशासन तिहार के दौरान इस संबंध में आवेदन प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि सोमवार को मौके पर पहुंचकर जांच की जाएगी और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अब पूरे मामले पर प्रशासनिक जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। ग्रामीणों की मांग है कि वर्षों से बसे परिवारों को राहत देते हुए उनके मकानों को सुरक्षित रखा जाए तथा पात्र हितग्राहियों को वैधानिक पट्टा प्रदान किया जाए।

### अमृत सरोवर निर्माण...

बगार के स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि अमृत सरोवर निर्माण कार्य को जल्द शुरू कराया जाए तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य पूर्ण कराया जाए। साथ ही पहली किस्त की राशि के उपयोग की जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाए। अब देखना यह है की विभाग द्वारा इस पर क्या कार्यवाही की जाती है या फिर केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अमृत सरोवर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़े ? इस पर उच्च स्तरीय जांच जरूरी।

## नैनो उर्वरक से बदली किसान रेशम लाल की किस्मत

**बलौदाबाजार।** आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर किसान अपनी आय को दोगुना कर सकते हैं, इस बात को सच कर दिखाया है प्रगतिशील किसान रेशम लाल कन्नौजे ने, खेती में नैनो यूरिया उपयोग फैसले ने न सिर्फ उनके खेती करने के तरीके को बदला, बल्कि उनकी आर्थिक स्थिति को भी बेहद मजबूत कर दिया है। विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम लटुआ के रहने वाले रेशम लाल के पास 15 एकड़ कृषि भूमि है, जिस पर वे पारंपरिक तरीके से खेती करते आ रहे थे। लेकिन पिछले दो वर्षों से उन्होंने अपने खेतों में एक बड़ा और क्रांतिकारी बदलाव करते हुए पारंपरिक खाद के बजाय आधुनिक नैनो उर्वरक (नैनो यूरिया और नैनो डीएपी) का उपयोग करना शुरू किया। इस एक फैसले ने न सिर्फ उनके खेती करने के तरीके को बदला, बल्कि उनकी आर्थिक स्थिति को भी बेहद मजबूत कर दिया है। रेशम लाल कन्नौजे बताते हैं कि पिछले दो सालों में नैनो उर्वरक के इस्तेमाल से उनकी फसलों की गुणवत्ता और पैदावार में भारी बढ़ोतरी हुई है। इस आधुनिक तकनीक का सबसे बड़ा फायदा यह रहा कि इसने खेती की लागत को काफी हद तक कम कर दिया है, जिससे उन्हें पहले की तुलना में बहुत ज्यादा मुनाफा मिल रहा है। जहां पहले भारी-भरकम बोरियों को लाने, रखने और खेतों में डालने में काफी पैसा और मेहनत खर्च होती थी, वहीं अब नैनो उर्वरक की छोटी बोतलें न सिर्फ जेब पर हल्की साबित हो रही हैं ।



## सीसीरोड, नाली निर्माण बोर खनन का भूमिपूजन



**अर्जुनी।** जनपद पंचायत बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत अर्जुनी के वार्ड न.12 में 4 जून को जनपद पंचायत सभापति वेदेश्वरी त्रिलोक यादव ने सीसीरोड निर्माण, नाली निर्माण, बोर खनन पाईप लाईन विस्तार, समतलीकरण कार्य सहित चार स्वीकृत कार्यो का भूमिपूजन किया। उक्त निर्माण कार्यों के लिए जनपद पंचायत निधि अंतर्गत 6 लाख 15 हजार 258 रुपये की स्वीकृत राशि प्रदान की गई है।भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति गीता डोमन वर्मा,जिला पंचायत सभापति ईशान वैष्णव,जनपद सभापति वेदेश्वरी त्रिलोक यादव, सरपंच कविता भगेला ध्रुव,की गरिमामय उपस्थिति रही। विदित हो कि जनपद पंचायत निधि द्वारा स्वीकृत कार्य बोर खनन पाइप लाइन विस्तार सोनू यादव के घर के पास स्वीकृत राशि 1 लाख 93 हजार नाली निर्माण कार्य पुनीत साहू से परदेशी के घर तक 1 लाख 93 हजार सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन के दौरान जिला पंचायत सभापति गीता डोमन वर्मा, जिला पंचायत सभापति ईशान वैष्णव, जनपद सभापति वेदेश्वरी त्रिलोक यादव, सरपंच कविता भगेला ध्रुव, सचिव राजेश साहू, सरपंच प्रतिनिधि सुखराम ध्रुव, उमेश जैन पूर्व जनयर सदस्य, चित्ररेखा साहू जिला मंत्री भाजपा, गंगाप्रसाद यदु, पूर्व सरपंच प्रमोद जैन, परनिया साहू, मालती साहू, राधेश्याम साहू, सचिन सोनी, ओमकाश साहू, प्रेमसाहू, विजय साहू, विजयवर्मा, जीवन साहू, संजय रजक सहित वार्ड पंचगण तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### नगर देवांगन समाज का शपथ ग्रहण 9 को

भाटापारा। नगर देवांगन समाज का गठन किया गया है, जिसका शपथ ग्रहण 9 जून को शाम 4 बजे नगर भवन में रखा गया है। समारोह में मुख्य अतिथि शिवरतन शर्मा पूर्व विधायक, अध्यक्षता रमेश कुमार देवांगन अध्यक्ष नगर देवांगन समाज भाटापारा, अति विशिष्ट अतिथि अश्वनी शर्मा अध्यक्ष नगरपालिका, राकेश तिवारी प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा, दिलीप छाबडिया उपाध्यक्ष न.पा., सेवकराम देवांगन अखिल भारतीय कोष्टा कोष्टी फेडरेशन सलाहकार, मनीष मिश्रा सभापति न.पा., भुवनसिंह ठाकुर पार्षद, संतोष पाण्डेय नगर संघ संचालन, रविन्द्र शर्मा नगर कार्यवाहक होंगे।

### साहित्यकार नरेंद्र और अजय अमृतांशु सम्मानित

**भाटापारा।** पर्यावरण एवं पर्यटन विकास समिति तथा छत्तीसगढ़ी राजभाषा परिषद, बिलासपुर के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में नगर के वरिष्ठ साहित्यकार नरेंद्र वर्मा को 'छत्तीसगढ़ साहित्य सम्मान' एवं अजय अमृतांशु को छत्तीसगढ़ श्रेष्ठ मंच संचालक सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. विनय कुमार पाठक (पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग), डॉ. अभिलाषा बेहार (सचिव छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग), एस.एस. डी.बड़गैया (पर्यावरणविद बिलासपुर) उपस्थित थे। इस अवसर पर पर्यावरण पर आधारित -फैंसी ड्रेस, नृत्य प्रदर्शन, काव्य गोष्ठी एवं अन्य प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गयी और उनके विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। विदित हो कि संस्था के अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. विवेक तिवारी विगत 30 वर्षों से पर्यावरण को बचाने और लोगों को जागरूक करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

### जिला जनपद अध्यक्ष संघ के अध्यक्ष बने डॉ. दौलत

**हथबंद।** बलौदाबाजार-भाटापारा जिला जनपद अध्यक्ष संघ के अध्यक्ष पद पर सिमगा जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलत राम पाल के मनोनयन से क्षेत्र में हर्ष है। उनके इस महत्वपूर्ण दायित्व मिलने पर



जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी। शुभकामना संदेश में कहा गया है कि डॉ. पाल के कुशल नेतृत्व, संगठनात्मक क्षमता एवं जनसेवा के प्रति समर्पण से संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा तथा जिले के विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। इस अवसर पर के जनपद पंचायत सिमगा के जनपद सदस्य खोमलाल साहू करण वर्मा, धनीराम रजक, घन्ना धनेश्वर निषाद, हरिश वैष्णव, संतराम ध्रुव, मोनू समुद्र, प्रकाश पाल, बबलू पटेल, नरेश अनंत, डोमार मारकंडे, राजकिरण महिलाग सहित समस्त पदाधिकारी भाजपा कार्यकर्ता ने भी डॉ. दौलत राम पाल को बधाई दी। उन्होंने विश्वास जताया कि डॉ. पाल के नेतृत्व में जनपद अध्यक्ष संघ और अधिक सशक्त होकर जनहित के कार्यों को गति प्रदान करेगा।

### भूपेश बघेल राज्यसभा चुनाव के ऑब्जर्वर

**रायपुर।** कांग्रेस पार्टी ने झारखंड में होने वाले द्विवार्षिक राज्यसभा चुनावों के लिए छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को एआईसीसी ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। उनके साथ पार्टी नेता अजय शर्मा को भी पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## निधन

### महेतरूराम साहू

**भरूवाडीह/सैहा/गुमा।** ग्राम



पंचायत सेम्हराडीह निवासी 92 वर्षीय महेतरूराम साहू का निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया, जहां कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा एवं नाते रिश्तेदार सहित गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थिति थे। वे हीराराम व अधिवक्ता रेवाराम साहू के पिता तथा खेलकुमार और नीलकमल के दादा थे।

# बरसात से पहले मार्ग को दुरुस्त करने में जुटा टोनाटार का सरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

जिले में युवा सरपंच अधिक चुने गए हैं। युवा अपनी नई सोच ऊर्जा और तकनीकी ज्ञान से गांवों की तस्वीर बदल रहे हैं। वे बुनियादी ढांचे शिक्षा स्वच्छता रोजगार सृजन जैसे क्षेत्रों में अभिनव पहल कर रहे हैं। बरसात से पहले जलभराव की समस्या को रोकने नालियों की सफाई संपर्क मार्गो की मरम्मत जैसे जरूरी काम करा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को मानसून में परेशानी न हो। ऐसे ही युवा सरपंच भाटापारा विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत टोनाटार का है जो ग्राम विकास को पहली प्राथमिकता देते हुए आम जनमानस की समस्याओं को दूर करने लगातार प्रयास कर रहे हैं। बरसात के दिनों में आम जनमानस को आवागमन में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न हो इसको ध्यान में रखते हुए युवा सरपंच एवं सरपंच संघ उपाध्यक्ष विष्णु कोसले के द्वारा ग्रामीणों को खेत खलियान जाने में जो परेशानी हो रहा था। जय स्तंभ चौक भाठा चौक हाई स्कूल के बगल ध्रुव समाज भवन के पास सहित दस बारह जगहों पर कुलापा लगवाया गया है। आवश्यक स्थानों पर कुलापा लगाए जाने से इस वर्ष किसानों एवं ग्रामीणों को खेत खलियान जाने के लिए आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। सरपंच विष्णु कोसले ने चर्चा के दौरान बताया कि ग्राम विकास ही पहली प्राथमिकता है।

**युवा सरपंचों की नई सोच से बदल रही गांवों की तस्वीर**



**बरसात से पहले भी किए गए पुख्ता इंतजाम**

उन्होंने कहा कि ग्राम विकास में सभी पंचायत पदाधिकारियों का विशेष सहयोग मिल रहा है। रात्रि में गांव रोशनी से चकाचौंध हो इसलिए हर विद्युत पोल पर लाइट लगायी है, जिससे पूरा गांव गली मोहल्ला में रोशनी ही रोशनी दिखाई दे रहा है। इसी तरह पिछले वर्ष भी सरपंच द्वारा बरसात से पहले जिस गली में सीसी रोड का निर्माण नहीं हुआ है, उस गली में बजरी डाली गयी थी। जिससे बरसात में ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हुई।

**मंथन : स्वदेशी से ही आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत का सपना होगा साकार**

# स्वदेशी जागरण मंच और स्वावलंबी भारत अभियान की बैठक में हुए कई निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान की जिला विचार वर्ग समिति पर विचार विमर्श किया गया। यह कार्यक्रम परम स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय साहू छात्रावास पर आयोजित किया गया। इस विचार वर्ग में संघ एवं स्वदेशी से जुड़े व्यक्तियों ने भाग लिया। इस विचार वर्क का उपदेश देश में उद्यमिता रोजगार देने वाले तथा स्वरोजगार पैदा करने के लिए लोगों को जागरूक करना है। इस विचार मंच की मुख्य वक्ता के रूप में सुमन मुथा प्रांत समन्वयक स्वदेशी जागरण मंच में विस्तार से बताया कि लगातार की स्वदेशी के बिना हमारे भारतीय प्रतिमान के बिना भारत का विकास संभव नहीं है। इस अवसर पर डॉक्टर नम्रता सराफ, प्राचार्य परम आदर्श स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बलौदा बाजार, मनीष बरनवाल तथा पूर्व प्राचार्य डी के महाविद्यालय बलौदाबाजार के डॉक्टर जय नारायण केशरवानी, मार्गदर्शक सौरभ साहू जिला संयोजक स्वदेशी मंच तथा स्वदेशी जागरण मंच की विचारधारा से रहने वाले प्रबुद्ध में डॉक्टर प्रियंका पाटले प्रोफेसर निपानिया महाविद्यालय, डॉक्टर धनंजय मिश्रा प्राचार्य डीके महाविद्यालय, राजेंद्र वर्मा प्रोफेसर हिंदी, नरेंद्र मिर्जा, पूर्व प्रोफेसर एस. एम . पाध्ये, लक्ष्मी साहू, राज नारायण केसरवानी, विकास सराफ, दिनेश वर्मा, जगदीश चावड़ा, शांति साहू, शालीन साहू, अनुराग वर्मा, रामगोपाल केसरवानी, टेसूलाल धुरंधर, खोडस राम कश्यप, शिव तिवारी, मिकी तिवारी, पीयूष मिश्रा, सहित बड़ी संख्या में लोगों ने आज इस विचार वर्ग में शामिल में कार्यक्रम का संचालन एवं आभार मोरध्वज पैकरा द्वारा किया गया।



**स्वदेशी अपनाकर ही भारत बनेगा आर्थिक रूप से समृद्ध : सुमन मुथा**

आज अमेरिका फ्रांस जैसे देश अपने स्वदेशी की बात करते हैं। मेक अमेरिका ग्रेट अगेन और भारत की मोदीजी के नेतृत्व में बेरोजगारी को हटाना है और भारत को एक आर्थिक रूप से समृद्ध भारत बनाना है, सोने की चिड़िया भारत पहले था और भारत को सोने का शेर बनाना। स्वदेशी के बिना हमारे भारतीय प्रतिमान के बिना भारत का विकास संभव नहीं है और आज अमेरिका फ्रांस जैसे देश अपने स्वदेशी की बात करते हैं अमेरिका ग्रेट अगेन और भारत की मोदी जी के नेतृत्व में इंडिया ग्रेट की बातें हैं जब संभव है जब भारत से गरीबों को दूर करना है, बेरोजगारी को हटाना है, और भारत को एक आर्थिक रूप से समृद्ध भारत बनाना है, वही इस विषय पर दिग्विजय भाकरे छत्तीसगढ़ रायपुर प्रांत कार्यालय प्रमुख ने भी अपने विचार रखे उन्होंने संगवारी माइक्रोफाइनेंस प्रबंध कर छोटे-छोटे लोगों को छोटा फाइनेंस कर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करने का प्रयास किया ।

# नगर पंचायत के लोगों को पेयजल समस्या से मिली मुक्ति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

भीषण गर्मी व गिरते जल स्तर के के चलते पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। इन सब के बीच नगर पंचायत खरोरा के नल जल विभाग के कर्मचारी के मुस्तैदी के चलते अब तक नगरवासियों को पानी की किल्लत का अब तक सामना नहीं पड़ा है। बता दें खरोरा एरिया ड्राई जोन में आने व पेयजल की किल्लत को देखते नगर में पी एच ई विभाग द्वारा समोदा स्टाप डेम से खरोरा नगर में पाइप लाइन विस्तार का कार्य किया जा रहा है ।

खरोरा नगर की भू स्तर स्थिति को देखे तो यह ड्राई एरिया होने चलते पेयजल की समस्या हमेशा बनी रहती है। खरोरावासियों को पानी देने विगत 20 साल पूर्व खरोरा के अंतिम छोर खरोरा से 5 किलोमीटर दूर पर वार्ड 01 नायकटाड रपटा से पाइप लाईन द्वारा पानी लाकर नगर पंचायत कार्यालय के समीप सम्पवेल पानी टंकी मे पहुंचा प्रायः सभी वार्डों में जल वितरण किया जाता आ रहा। इस वर्ष भी गिरते जल स्तर के चलते बोरवेल्स बंद होने के बावजूद नल जल विभाग कर्मचारियों ने सूझबूझ दिखाते रात रात भर जागरण कर जहां नगरवासियों को पेयजल मुहैया कराया। वहीं पाईप लाईन विस्तार के दौरान पुराने पाईप लाईन लीकेज को भी समय समय पर सुधार कार्य भी किया।

# शिक्षिका सुनीता यादव के नेतृत्व में हो रहा एक लाख सीड बाल का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

यह बात सत्य है यह धरती न बहस करती है न समझौता। न ही वह मन में बात रखती है, वह हमें संकेत देती है। जंगलों में आग का लगना, बढ़ता समुद्र का स्तर और 48 डिग्री से ऊपर तापमान।यह सब को देखते हुए केवल शासन की ओर एकटक निहारने के बजाय हमें अपने स्तर पर प्रयास करने की जरूरत है।इसी सोच को सार्थक बनाने के लिए खिचरी स्कूल की शिक्षिका सुनीता यादव के द्वारा एक अनोखी पहल की जा रही है, सीड बाल निर्माण।

■ सामाजिक सहभागिता का अनूठा प्रयोग

सीड बाल मे फलदार व छायादार सरई,साजा,आम नीम नीबु जामुन सीता फल, करंज मुनगा, पीपल, बरगद, कटहल आदि के बीज डाले गये हैं।शिक्षिका सुनीता यादव के नेतृत्व में यह पहल न केवल गांव तक सीमित रहे बल्कि आम जनमानस में जागरूकता पैदा करें व नन्हें- नौनिहालों के मस्तिष्क में यह सवेंदना जागे कि वन है तो जीवन है। पूर्व सरपंच सुशीला सिदार, मितानिन सोनिया पटेल, पालक उत्तरा निषाद आशा चौहान, बिहान सदस्य भानुमती महंत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गुरबारी चौहान का सहयोगात्मक व्यवहार रहा। एक लाख सीड बाल निर्माण का लक्ष्य आठ दिन में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है

**बारिश में लगाए जाएंगे फलदार वृक्षों के बीज**

5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले के ग्राम खिचरी की शिक्षिका सुनीता यादव ने अपनी पुरानी छात्राओं, गांव की महिलाओं, स्कूल की पालक माताओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,सहायिका सहित बिहान की दीदीयों के साथ सीड बाल निर्माण कार्य का शुभारंभ किया है। गांव की महिलाओं के द्वारा गोबर और मिट्टी को गीला कर के उसके अंदर फलदार वृक्षों के बीज भरकर उसे छोटे-छोटे गेंद का आकार दिया जा रहा है। जैसे ही जुलाई में बारिश शुरू होगी इन सीड बाल को जंगल या खाली जगहों में फेंका या लगाया जायेगा,जिससे नये वृक्ष उग सकें और हमारी प्रकृति हरी भरी रह सके। शिक्षिका का मानना है कि कारण जो भी हो लेकिन पेड़ तो कट रहे हैं, कंक्रीट के जंगल उग रहे हैं।इसलिए हमें हमारी और आने वाली पीढ़ी के लिए धरती की हरियाली को सहेजकर रखना है, यह हम सबकी जिम्मेदारी है।

# वेलफेयर फाउण्डेशन के समर कैंप में 319 प्रतिभागी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



किरण इवेंट फ्युजनं वेलफेयर फाउण्डेशन द्वारा निःशुल्क मेंहदी, रंगोली, पेंटिंग, डांस, संगीत, कर्सिव राइटिंग सहित अन्य विधा का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुविभागीय अधिकारी पुलिस तांरेश साहू, ग्रामीण थाना प्रभारी हेमन्त पटेल, पुष्पा राठौड़, पुलिस अजय गुप्ता, आलोक मोदी, अनिल जयसवाल, स्वरूप अग्रवाल, सुनील तिवारी की उपस्थित थी। प्रशिक्षण के आयोजक चेयरमैन डॉ. अरूण छाबड़ा बंटी ने बताया कि शिविर का मुख्य उददेश्य ग्रीष्मकालिन अवकाश में छोटे छोटे बच्चों की प्रतिभाओं एवं योग्यताओं को आगे बढाने एवं निखारने के उद्देश्य से उक्त आयोजन किया गया है। हमारा उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि हर बच्चे के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारना है।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बलवंत छाबड़ा सीमा मल, डॉ. वीणा साहू, दीपा गिंनौरे, गुलशन वर्मा, रानी यादव, पूजा देशमुख, प्रकृति साहू, देवेन्द्र निषाद, हरसूं यादव, सृष्टि साहू, पायल वर्मा, जागेश्वरी साहू व संजना साहू, यशदीप छाबड़ा, पूर्वांशं छाबड़ा सहित बड़ी संख्या में संस्था के अन्य सदस्य अश्विनी नेहा शर्मा, प्रतिमा गुप्ता प्रीतिशाह विंध्या अग्रवाल सुमन वर्मा नीलम साहु किरणजोशी सहयोग कर रहे हैं। छाबड़ा ने बताया कि 11 दिवसीय प्रशिक्षण में 319 प्रतिभागियों ने भाग लेकर विविध कलाओं का निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# ब्लॉक के सिविल अस्पताल में सफल रहा प्रसव ऑपरेशन

**भाटापारा।** जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अवस्थी एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेन्द्र कुमार माहेश्वरी के मार्गदर्शन में सिविल अस्पताल भाटापारा में 4 जून को एक सफल ऑपरेशन (एल.एस.सी.एस.) द्वारा प्रसव कराया गया। महिला चिकित्सक डॉ. ऋतु बाघमार ने बताया कि प्रसव के उपरांत जच्चा एवं बच्चा दोनों पूर्णतः स्वस्थ हैं तथा चिकित्सकीय निगरानी में हैं। इस सफल ऑपरेशन में महिला चिकित्सक डॉ. ऋतु बाघमार, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. अशोक तिवारी, स्टाफ नर्स आशीष किशोर, मधु बघेल एवं लितेश शर्मा सहित सिविल अस्पताल भाटापारा के समस्त चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

अस्पताल प्रबंधन ने इस सफल प्रसव के लिए पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि सिविल अस्पताल भाटापारा में गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाएं निरंतर उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल रहा है।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए 102 पंचायत में विशेष ग्रामसभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

जिले के पलारी विकासखंड अंतर्गत 102 ग्राम पंचायत में विशेष ग्राम का आयोजन किया गया है। इसी क्रम में जिला कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में सीईओ पन्ना लाल धुर्वे द्वारा निर्देशों का परिपालन कराया गया। जनपद एसबीएम समन्वयक रजनीकांत बंजारे के समन्वय से ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किये गया है जिला



प्रशासन की इस अभिनव पहल यह प्रयास न केवल स्वच्छता को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि कचरा का उचित निपटान किया जा रहा है।

**संगठनात्मक गतिविधियों और जनसंपर्क अभियानों पर हुई चर्चा**

# भाजपा मंडल की बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भाजपा शहर मंडल की मासिक बैठक भाजपा जिला कार्यालय में हुई। बैठक में केंद्र की भाजपा सरकार के 12 साल बेमिसाल पर एक कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। इस आयोजन में मार्गदर्शन हेतु प्रभारी के रूप में भाजपा जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष सुनीता वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केसरवानी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष नीलम सोनी एवं वरिष्ठजनों की मौजूदगी में आगामी मंडल स्तरीय एवं बुथ स्तरीय कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। मीडिया संवाद विशेष जनसंपर्क अभियान एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छता अभियान, प्रगति पथ यात्रा, विशेष जनसंपर्क अभियान,



जन कल्याण शिविर, अपनी सरकार की उपलब्धियां यह सभी कार्यक्रम 6 जून से 23 जून स्व. डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि बलिदान दिवस के दिन समापन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रभारी के रूप में जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष सुनीता वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केसरवानी, जिला उपाध्यक्ष पूर्व नीलम सोनी, नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महले, जिला उपाध्यक्ष नरेश केसरवानी, भाजपा मंडल महामंत्री महेंद्र साहू, पार्षद हरजीत सिंह सलूजा, जितेंद्र डार्सेना, आदित्य बाजपेई, राहुल सोनी, मंजू फेकर, पार्षद अमितेश नेताम, कन्हैया सेन, गौतम चौहान, सरिता मार्के, धनेश्वरी वर्मा, मंजू सोनी, सब्बा अली खान, ओम प्रकाश सेन, वेदांत रजक, टिकेश्वर चेलक, उमाशंकर भारद्वाज, महिपाल ठाकुर, रवि फेकर, नीरज सोनी, तरुण वर्मा, जीवरकान मानिकपुरी, संजय पटेल, नारद पैकरा, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं मंडल के पदाधिकारी बुथ अध्यक्ष पार्षद कार्यशाला में मौजूद थे।

# भालुकोना में लगा सुशासन तिहार



बलौदाबाजार। जनपद पंचायत बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत भालुकोना में सुशासन तिहार का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल की उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को प्रदान करते हुए कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना तथा आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याएं एवं मांगें सुनी गईं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के लाभार्थियों को योजनाओं की जानकारी देकर लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, पंचायत पदाधिकारी, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।